# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)
## हिंदी ऐच्छिक

**कुल समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:-**

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **कुल प्रश्नों की संख्या 52 है।**
- **प्रश्न 1 से 30 तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 31 से 38 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 2 अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 39 से 46 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही 6 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 3 अंक निर्धारित है।**
- **प्रश्न संख्या 47 से 52 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान 5 अंक निर्धारित हैं।**

**अपठित बोध**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

विज्ञान की प्रगति से आधुनिक सुख-साधनों में पर्याप्त वृद्धि हुई है। इन साधनों के उपयोग से मानव बुद्धि कुंठित हो गई है। इसके असंतुलित उपभोग से मनुष्य का शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य विकृत हो गया है। मनुष्य के सामने एक विकट समस्या है कि इन विकट परिस्थितियों में जीवन में वास्तविक और स्थायी सुख उपलब्ध कराने के लिए क्या उपाय किए जाएँ? एक ही रास्ता दिखाई पड़ता है - भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में संतुलित सामंजस्य स्थापित करना। यही एक सर्वोत्तम उपलब्ध औषधि है जिसके बल पर विज्ञानजनित समाज में व्याप्त अनेकानेक बुराइयों से मुक्ति मिल सकती है।

1. विज्ञान की प्रगति से किसमें वृद्धि हुई है?

A. मानव-बुद्धि में B. आधुनिक सुख-साधनों में

C. मानसिक स्वास्थ्य में D. शारीरिक स्वास्थ्य में

2. विज्ञान की प्रगति हमारे लिए चिंता का कारण क्यों है?

A. इससे मानव-बुद्धि कुंठित हो गई है

B. शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट आई है

C. मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आई है

D. ये सभी

3. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

A. स्थायी सुख B. वैज्ञानिक प्रगति व अध्यात्मवाद

C. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन D. विज्ञानजनित उपलब्धि

4. विज्ञानजनित बुराइयों से मुक्ति कैसे मिल सकती है?

A. वैज्ञानिक प्रगति से

B. आधुनिक सुख-साधनों के उपयोग से

C. भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में संतुलित सामंजस्य स्थापित करके

D. आधुनिक जीवन-शैली अपनाकर

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

चढ़ रही थी धूप
गर्मियों के दिन

दिवा का तमतमाता रूप;
उठी झुलसाती हुई लू
रूई का ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगी छा गई
प्राय: हुई दोपहर
वह तोड़ती पत्थर।

5. कवि किस ऋतु की चर्चा कर रहा है?

A. शीत ऋतु B. वर्षा ऋतु

C. वसंत ऋतु D. ग्रीष्म ऋतु

6. यहाँ 'वह' है -

A. एक स्त्री B. एक पुरुष

C. एक बच्चा D. एक वृद्ध

7. उपर्युक्त पद्यांश के लिए सबसे उपयुक्त शीर्षक होगा -

A. रुई B. चिनगी

C. तोड़ती पत्थर D. दोपहर

8. यहाँ 'पत्थर' किसका प्रतीक है –

A. स्वतंत्रता B. कठिनाई

C. शौर्य D. साहस

**रचनात्मक लेखन तथा अभिव्यक्ति और माध्यम**

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए –**

9. प्राप्त संदेश का कूट वाचन कौन करता है?

A. प्राप्तकर्ता B. संदेश वाहक

C. संदेश प्रसारक D. इनमें से कोई नहीं

10. 'लाइव' शब्द का अर्थ है?

A. जिसका सीधा प्रसारण होता है B. जिसका बाद में प्रसारण होता है

C. जिसका पहले प्रसारण हो चुका है D. इनमें से कोई नहीं

11. सबसे ऊपर बाईं ओर प्रेषक (पत्र भेजने वाले) का नाम व पता लिखा जाता है।– ऐसे किस पत्र में लिखा जाता है?

A. प्रार्थना-पत्र B. कार्यालयी-पत्र

C. संपादकीय पत्र D. व्यक्तिक-पत्र

12. फ़ीचर से संबंधित निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. फ़ीचर में लेखक अपने विचार डाल सकता है।

B. फ़ीचर लेखन का एक तय ढाँचा या फार्मूला होता है।

C. फ़ीचर का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन करना है।

D. फ़ीचर आमतौर पर समाचार, रिपोर्ट से बड़े होते हैं।

13. निम्न में से कौन- सा कार्य संपादक का नहीं है?

A. निष्पक्ष भाव से समाचार छपवाना

B. प्रथम पृष्ठ पर छपने वाली खबरों के बारे में निर्णय लेना

C. क्षेत्र से खबरें इकट्ठा करना

D. निश्चित समय पर समाचार-पत्र छपवाना

14. जनसंचार माध्यमों का प्रमुख कार्य क्या है?

A. लोगों का मार्गदर्शन करना B. मनोरंजन करना

C. सूचना देना और शिक्षित करना D. ये सभी

15. भारत में प्रकाशित होने वाला पहला अखबार कौन-सा था?

A. बंगाल गज़ट B. उदन्त मार्तंड

C. अमर उजाला D. प्रताप

16. कम से कम शब्दों में तत्काल महज सूचना देना टेलीविजन समाचार के किस चरण के अंतर्गत आता है?

A. फोन-इन B.लाइव

C.फ्लैश न्यूज़ D.एंकर-विज़ुअल

**पाठ्यपुस्तक**

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर,
उससे हारी-होड़ लगाई।

17. प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?

A. जयशंकर प्रसाद B. तुलसीदास

C. रघुवीर सहाय D. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

18. इस पद्यांश का प्रतिपाद्य है -

A. देवसेना की खुशी B. देवसेना की प्रेम-पीड़ा

C. देवसेना का देशप्रेम D. देवसेना का उत्साह

19. इस पदयांश में कौन-सा अलंकार नहीं है?

A. रूपक अलंकार B. यमक अलंकार

C. अनुप्रास अलंकार D. मानवीकरण अलंकार

20. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस नाटक से ली गई है?

A. स्कंदगुप्त B. चन्द्रगुप्त

C. ध्रुवस्वामिनी D. अजातशत्रु

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

"और कितना कड़ा करूँ दिल?... माँ से कहना, मैं भाई-भाभियों की नौकरी करके पेट पालूँगी। बच्चों की जूठन खाकर एक कोने में पड़ी रहूँगी, लेकिन यहाँ अब नहीं.....अब नहीं रह सकूँगी।..... कहना, यदि माँ मुझे यहाँ से नहीं ले जायेगी तो मैं किसी दिन गले में घड़ा बाँधकर पोखरे में डूब मरूँगी। ..... बथुआ-साग खाकर कब तक जीऊँ? किसलिए .... किसके लिए ?"

21. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत हैं?

A. दूसरा देवदास B. जहाँ कोई वापसी नहीं

C. कच्चा चिट्ठा D. संवदिया

22. यहाँ वक्ता कौन है?

A. हरगोबिन B. बड़ी बहुरिया

C. मोदिआइन D. गुल मुहम्मद आगा

23. 'यदि माँ मुझे यहाँ से नहीं ले जायेगी तो मैं किसी दिन गले में घड़ा बाँधकर पोखरे में डूब मरूँगी।' – यहाँ वक्ता का कौन-सा भाव प्रकट हुआ है?

A. खुशी B. उत्साह

C. व्याकुलता D. डर

24. यहाँ श्रोता कौन है?

A. हरगोबिन B. बड़ी बहुरिया

C. मोदिआइन D. गुल मुहम्मद आगा

**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए -**

25. 'यह दीप अकेला ' कविता में 'दीप' किसका प्रतीक है?

A. मन का B. व्यक्ति का

C. समाज का D. देश का

26. कौशल्या किसे देखने के लिए राम से पुनः अयोध्यापुरी वापस आने का निवेदन करती हैं ?

A. दुखी अश्वों को B. राजा दशरथ को

C. माता सुभद्रा को D. प्रजा को

27. 'चार हाथ' लघुकथा किस के शोषण को उजागर करती है?

A. मजदूरों की B. स्त्रियों की

C. बच्चों की D. अध्यापकों की

28. 'दूसरा देवदास' कहानी में घटनाएँ किस शहर में घटती हैं?

A. हरिद्वार B. बद्रीनाथ

C. बनारस D. इलाहाबाद

29. 'सूरदास की झोपड़ी' शीर्षक पाठ किस उपन्यास का अंश है?

A. गबन
B. रंगभूमि
C. गोदान
D. प्रेमाश्रम

30. लेखक ने खाऊ उजाड़ू सभ्यता किसे कहा है?

A. खूब खाना-पीना और एक स्थान से उजड़ कर दूसरे स्थान पर बस जाने को
B. जीवन मूल्यों को ताक पर रखकर विकास की अंधी दौड़ में शामिल होने को
C. बढ़ते हुए धार्मिक अंधविश्वास को
D. घटती हुई आस्था को

**. निम्नलिखित में से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दें-** 2x6=12

(31) वसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली?
(32) कवि जायसी ने बारहमासा में किस विषय की अभिव्यक्ति की है?
(33) रामचन्द्र शुक्ल अथवा तुलसीदास की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें।
(34) लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए घड़ी के पुर्जे का दृष्टांत क्यों दिया है?
(35) लेखक के अनुसार कुटज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है?
(36) 'दूसरा देवदास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
(37) प्रभाष जोशी ने अपना पाठ 'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया है, कैसे?
(38) मालवा में अब पहले जैसी बरसात के न होने के क्या कारण हैं?

**. निम्नलिखित में से किन्ही छह प्रश्नों के उत्तर दें-** 3X6=18

(39) कार्नेलिया के गीत में भारत की किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है?
(40) वसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली?
(41). कोयल और भौंरों के कलरव का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(42). बड़ी बहुरिया का संवाद हरगोबिन क्यों नहीं सुना सका?
(43) रोगी बालक के प्रति गांधी जी का व्यवहार किस प्रकार का था?
(44).औद्योगीकरण ने पर्यावरण का संकट पैदा कर दिया है, क्यों और कैसे?
(45) सूरदास के प्रति जगधर के मन में ईर्ष्या-भाव किस तरह और क्यों जागा?

नवोन्मेष शोध नेतृत्व JCERT

(46) फूल केवल गंध ही नहीं देते, दवा भी करते हैं, कैसे?

**. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** 05X3=15

(47) '**झारखंड की संस्कृति**' अथवा '**जीवन में खेलों का महत्व**' पर एक निबंध लिखिए।

(48) एक अच्छे संपादक की विशेषताओं का उल्लेख करें।

(49) दैनिक समाचार पत्र के संपादक को बढ़ते प्रदूषण एवं अनियंत्रित पेड़-पौधों की कटाई के बारे में पत्र लिखते हुए समाधान का अनुरोध करें।

(50) समाचार लेखन से आप क्या समझते हैं? इसकी कौन-कौन-सी विशेषताएँ हैं?

**. निम्नलिखित में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -** 05

(51) ऊँचे तरुवर से गिरे
बड़े-बड़े पियराए पत्ते
कोई छ: बजे सुबह जैसे गरम पानी से नहाई हो-
खिली हुई हवा आई, फिरकी सी आई, चली गई।

(52) सखि अनकर दुख दारुन रे जग के पतिआए।।
मोर मन हरि हर लए गेल रे अपनो मन खेल

# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

| कक्षा- 10 | विषय- हिंदी<br>'ELECTIVE' | भाग-A (बहुविकल्पीय प्रश्न) |
|---|---|---|

**उत्तरमाला:प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (2023-2024)**

| | | |
|---|---|---|
| **1-B** | **11-D** | **21-D** |
| **2-D** | **12-B** | **22-B** |
| **3-B-D** | **13-C** | **23-C** |
| **4-C** | **14-D** | **24-A** |
| **5-D** | **15-A** | **25-B** |
| **6-A** | **16-C** | **26-A** |
| **7-C** | **17-A** | **27-A** |
| **8-B** | **18-B** | **28-A** |
| **9-A** | **19-B** | **29-B** |
| **10-A** | **20-A** | **30-B** |

नवोन्मेष शोध नेतृत्व
JCERT